संसद सदस्यों ने श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजली दी

नई दिल्ली, 10 दिसंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खरगे; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; संसदीय कार्य मंत्रालय तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल; उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति; विदेश मंत्रालय तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन तथा अन्य संसद सदस्यों ने आज भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह एवं राज्य सभा के महासचिव श्री पी. सी. मोदी ने भी श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विशिष्ट जनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री सी. राजगोपालाचारी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।